अमर उजाला
बरेली
गुरुवार, 22 सितंबर 2022

PAGE NO, 07, TOP

अक्तूबर में होगी बैडमिंटन स्पर्धा

बरेली। जिला बैडमिंटन संघ छह से 12 अक्तूबर तक डॉ. अखिलेश दास ऑल इंडिया सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इसका फाइनल 23 से 25 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय बैडमिंटन संघ ने प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला बैडमिंटन संघ सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि विजेताओं को पुरस्कार भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर ही दिए जाएंगे। पांच लाख रुपये तक पुरस्कार की राशि तय की गई है। महिला व पुरुष वर्ग में 1,100 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। छह से आठ अक्तूबर तक एसआरएमएस व स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्वालिफाइंग राउंड खेला जाएगा।

नौ से 12 अक्तूबर के बीच मुख्य ड्रॉ के तहत पुरुष व महिला वर्ग में एकल, युगल और मिश्रित युगल मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में बरेली से जुनैद अंसारी, शिवांग कनवर, अभिलव शर्मा, नमन गांधी, विशाल पचनंदा, युवराज जोशी, मंजीत सिंह, वर्षा गौर आदि हिस्सा लेंगे। संवाद